# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6823/26 दिनांक 14/09/2026

सेवा में,

**प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय– समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण (लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी सहित) के तथा जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की मुख्य / पूरक परीक्षा सितम्बर / अक्टूबर–2026 में प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं को पैकेट बनाकर पंजीकृत डाक / आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट) के द्वारा भेजने हेतु अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।**

महोदय / महोदया,

इस कार्यालय के पत्र संख्या–5713 / 26 दिनांक 29.07.2026 का अनुपालन करें। समस्त प्रशिक्षण केन्द्र यह भी सुनिश्चित कर लें कि उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के ऊपर स्पष्ट रूप से कोर्स का नाम वर्ष सहित, प्रश्न–पत्र (विषय) का नाम, परीक्षा की तिथि, समय एवं सेन्टर कोड अवश्य अंकित किया जाये। प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं को पैकेट बनाकर **पंजीकृत डाक / आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट)** के द्वारा ही भेजना सुनिश्चित करें।

**प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं के पंजीकृत डाक / आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट) किये जाने की रसीद संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार ई–मेल पर टाईप कराके एवं विषयवार उपस्थिति तालिकाऐं कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 attendancesheet@upsmfac.org पर परीक्षा के दिन ही भेजना सुनिश्चित करें।**

**इस कार्यालय में अन्य किसी भी माध्यम से जैसे कि व्यक्तिगत रूप से हस्तगत (By Hand) के द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।** कार्यालय द्वारा समस्त दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संस्थान की होगी।

**नोट–** इस कार्यालय द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सूचना समय–समय पर कार्यालय की अधिकृत वेबसाइट www.upsmfac.org पर जारी की जायेंगी। कृपया वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव।